हरिभूमि
रत्न भूमि
रायपुर, गुरुवार 11 जून 2026

13 रसेला से छुरा मार्ग चौड़ीकरण के लिए वर्षों से...


14 मोदी सरकार की सफलता के 12 वें वर्ष पर भगवान ...




प्रवेश प्रारंभ
B.P.Ed., B.P.E.S., BCA, Bsc. (CS/IT), B.Com., PGDCA, DCA PG Diploma in Yoga Edu.
AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त (पं. र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)
नेताजी सुभाष कॉलेज बेलभाठा, अभनपुर
मो.न. - 8103982557

छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.admissions.nic.in
बी.एम. आई.टी.आई.
कोपा
इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793,9340311314
9303893829,9300850065
अंतिम तिथि-15/06/26

# कार्रवाई से बचने ग्रामीणों ने तालाब और बाड़ी में छिपाया सागौन चीरान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

जंगल के कीमती सागौन लकड़ी तस्करी के खिलाफ वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जमीन और खेतों में गाड़कर रखे गये तथा तालाब के भीतर छुपाए गये सागौन चिरान को जब्त करने में सफलता प्राप्त की है।

गरियाबंद पुलिस से प्राप्त इनपुट के आधार पर उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के परिक्षेत्र दक्षिण उदंती (कोर) ग्राम साहेबिनकछार में सागौन स्लीपर का अवैध रूप से भण्डारण की सूचना मिली। इसके उपरान्त 5 जून को विद्याधर पिता सागर दास के घर एवं बाड़ी में तलाशी की गई। जहां पर वृहद् मात्र में सागौन लकड़ी का अवैध रुप से स्लीपर (पल्ला) मिला। जिसका वन अपराध पंजीबद्ध कर न्यायालयीन कार्यवाही की गयी। इसी कड़ी में 9 जून को उपनिदेशक उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व गरियाबंद एवं सहायक संचालक उदंती (मैनपुर) के निर्देशानुसार वन परिक्षेत्र दक्षिण उदंती, उत्तर उदंती, इंदागांव (धुरवागुड़ी) बफर, कुल्हाड़ीघाट, अरसीकन्हार के समस्त वन अमला के साथ ग्राम साहेबिनकछार के संदिग्ध व्यक्तियों के घर मे सागौन लकड़ी/फारा रखने के आशंका में चिमन व. जयराम नागेश, जाति–गोंड़, हरि व मंगलराम, जाति–गोंड़, पुस्तम व. गाड़ाराय, जाति– गोंड़, उपेन्द्र व नारायण, रेखलाल व मोतीराम, सुमेरसिंग व पूरन ग्राम साहेबिनकछार, जुगराज नागेश व. मयाराम के नाम पर सर्च वारंट जारी किया गया।

## वन विभाग की टीम ने खोज निकाला, अब कार्रवाई, 1 गिरफ्तार 7 फरार



### वनोपज का जब्ती कार्रवाई

सर्च वारंट के पहले कारवाई से बचने के लिए कुछ आरोपियों द्वारा अपने निजी निवास में रखे गये सागौन स्लीपर, बीजा स्लीपर, हाथ आरा को अपने घर के आस पास डबरी, नदी के किनारे, घर बाड़ी में गड्ढा खोदकर एवं पूजा स्थान में सागौन स्लीपर को छुपाये थे, जिसे उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व गरियाबंद के वन अमला द्वारा तलाशी के दौरान प्राप्त वनोपज का जब्ती कार्रवाई की। इस तरह वन परिक्षेत्र अधिकारी दक्षिण उदंती द्वारा जब्त किये गये स्थान साहेबिनकछार से ट्रैक्टर भाड़ा कर वन परिसर बम्हनीझोला परिवहन किया गया। उसके पश्चात वन परिक्षेत्र दक्षिण उदंती के संबंधित वन अमला द्वारा आरोपियों के विरुद्ध विधिवत अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। पांच अन्य आरोपी के नाम पर भी सर्च वारंट जारी किया गया था किन्तु उनसे कुछ अवैध वनोपज, सामग्री प्राप्त नहीं हुई। मुनू दास पिता विघाधर दास के घर एवं बाड़ी से 193 नग सागौन स्लीपर, सागौन कड़ी – 2.4523 घ.मी. एवं 9 मई को 2.114 घ.मी. कुल 4.56 घन मीटर राशि लगभग 6 लाख रूपये।

## प्रशासन बोला- जिले में पर्याप्त बीज-खाद का भंडार

# खाद संकट पर कांग्रेस का धरना प्रदर्शन राज्यपाल के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

खरीफ सीजन की शुरुआत के साथ खाद, बीज और डीजल की उपलब्धता को लेकर राजनीति और प्रशासन आमने-सामने दिखाई दे रहे हैं। एक ओर कांग्रेस किसानों को खाद संकट का मुद्दा बनाकर आंदोलन कर रही है, वहीं जिला प्रशासन का दावा है कि जिले में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक और बीज उपलब्ध हैं तथा वितरण व्यवस्था पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर छुरा नगर में जिला कांग्रेस कमेटी ने धरना-प्रदर्शन कर राज्यपाल के नाम ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) छुरा को सौंपा। जिलाध्यक्ष सुखचंद बेसरा के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि खरीफ सीजन के दौरान किसानों को समय पर खाद, बीज और डीजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है, जिससे खेती की तैयारियां प्रभावित हो रही हैं। ज्ञापन में कहा गया कि बुआई का समय नजदीक है और आवश्यक कृषि सामग्री की कमी से उत्पादन प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है। कांग्रेस ने शासन से तत्काल पर्याप्त खाद-बीज और डीजल उपलब्ध कराने की मांग की है।

**महंगाई, पेंशन और अवैध खनन का भी उठाया मुद्दा** : कांग्रेस नेताओं ने पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की बढ़ती कीमतों पर चिंता जताते हुए कहा कि महंगाई का सीधा असर किसानों और आम जनता पर पड़ रहा है। ज्ञापन में पेंशनधारियों को नियमित भुगतान, बिजली दरों में बढ़ोतरी पर रोक तथा प्रदेश में जारी अवैध रेत खनन पर प्रभावी कार्रवाई की मांग भी शामिल की गई।




### प्रशासन का दावा : जिले में पर्याप्त भंडारण

इधर, जिला प्रशासन ने खाद और बीज की कमी की आशंकाओं को खारिज करते हुए बताया कि खरीफ वर्ष 2026 के लिए जिले की सहकारी समितियों में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक और बीज उपलब्ध हैं। अब तक किसानों द्वारा 4,710.68 मीट्रिक टन खाद तथा 4,223.80 क्विंटल बीज का उठाव किया जा चुका है। वर्तमान में सहकारी क्षेत्रों में कुल 16,086 मीट्रिक टन रासायनिक उर्वरक का भंडारण है, जिसमें यूरिया, डीएपी, एसएसपी, एनपीके और पोटाश शामिल हैं। इसके अलावा 10,511 बोतल नैनो यूरिया और 8,323 बोतल नैनो डीएपी भी उपलब्ध हैं। धान की विभिन्न किस्मों के 14,226.10 क्विंटल बीज का भंडारण किया गया है।

### सहकारी समिति में तालाबंदी कर जताया विरोध, खाद-बीज संकट के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन

**छुरा।** खरीफ सीजन की शुरुआत के साथ किसानों को खाद और बीज की उपलब्धता में हो रही परेशानियों को लेकर ब्लॉक कांग्रेस एवं किसान कांग्रेस के संयुक्त तत्वावधान में छुरा में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आदिम जाति सेवा सहकारी समिति में तालाबंदी कर केंद्र एवं राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए अपना विरोध दर्ज कराया।

धरना-प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, किसान नेता एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुखचंद बेसरा तथा किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष बालमुकुंद मिश्रा विशेष रूप से उपस्थित रहे। नेताओं ने आरोप लगाया कि वर्तमान में किसानों को समय पर खाद एवं बीज उपलब्ध नहीं हो पा रहा है, जिससे खरीफ फसलों की बुवाई प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है। उन्होंने कहा




कि खेती-किसानी का समय चल रहा है, लेकिन किसान आवश्यक कृषि सामग्री के लिए भटकने को मजबूर हैं। वक्ताओं ने कहा कि सरकार किसानों की समस्याओं के समाधान के प्रति गंभीर नहीं दिखाई दे रही है। सहकारी समितियों में पर्याप्त मात्रा में खाद और बीज ▶▶| शेष पेज 12 पर

# पांडुका सरपंच भानु ध्रुव भाजपा में शामिल

**राजिम।** मंगलवार को ग्राम पांडुका में एक महत्वपूर्ण आयोजन के दौरान पांडुका सरपंच सुश्री भानु ध्रुव,उपसरपंच खिलेश्वर द्विवेदी, पदमिनी ध्रुव सहित लगभग 50 लोगों ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। विधायक रोहित साहू की मौजूदगी में सभी नवप्रवेशी कार्यकर्ताओं का भाजपा गमछा एवं दुपट्टा पहनाकर आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान पूरे क्षेत्र में उत्साह और भाजपा के प्रति बढ़ते जनसमर्थन का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर विधायक रोहित साहू ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक अनुशासित एवं राष्ट्रहित में कार्य करने वाली पार्टी है। यहाँ प्रत्येक कार्यकर्ता को सम्मान और अवसर मिलता है। उन्होंने नवप्रवेशी कार्यकर्ताओं से तन, मन और समर्पण के साथ पार्टी की विचारधारा एवं संगठन के कार्यों में जुटने का आह्वान किया। विधायक रोहित साहू ने कहा कि राज्य विधानसभा क्षेत्र में लगातार भाजपा का जनाधार बढ़ता जा रहा है। लोग भाजपा की रीति-नीति, केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा विकास कार्यों से प्रभावित होकर पार्टी से जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर विकास की ओर अग्रसर है, वहीं गृह मंत्री अमित शाह के मजबूत नेतृत्व और छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय सरकार के सुशासन का प्रभाव गांव-गांव तक दिखाई दे रहा है। राजनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माने जाने वाले पांडुका गांव को कभी कांग्रेस का गढ़ माना जाता था, लेकिन अब हालात तेजी से बदलते दिखाई दे रहे हैं। गांव में लगातार भाजपा समर्थकों और कार्यकर्ताओं की संख्या बढ़ रही है। मंगलवार ▶▶| शेष पेज 12 पर



■ पांडुका में भाजपा का बढ़ता जनाधार, 50 लोगों ने थामा कमल का दामन

## खबर संक्षेप

### 60 लीटर महुआ शराब बरामद

**महासमुंद।** सरायपाली पुलिस ने महुआ शराब का अवैध परिवहन कर रहे दो युवकों पर कार्रवाई की है। पुलिस ने आरोपी कुंदन तांडी पिता मोहन लाल तांडी (22 साल) पैकिन एवं करन चौहान पिता भागबतिया चौहान (21 साल) चकरदा के कब्जे से 60 लीटर महुआ शराब कीमत 12 हजार रुपए और एक काले रंग की बिना नंबर एक्टिवा वाहन कीमत 80 हजार रुपए को बरामद कर आरोपियों के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### एक्सीडेंट में एक की मौत

**महासमुंद।** सागरपाली रोड में एक शोरूम के पास एक्सीडेंट में एक व्यक्ति की मौत हो गई। मामले की रिपोर्ट पर बसना थाने में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि 09 जून की रात लगभग 8 बजे दुलारसिंग सिदार अपने मोटर सायकल हीरो होंडा सीडी डान सीजी 06 बी 0499 में बैठकर भंवरपुर से पिलवापाली जा रहा था, सागरपाली रोड साई शोरूम के पास अपने मोटर सायकल को लापरवाहीपूर्वक चालते हुए उसने ग्राम बरतियाभाटा की रहने वाली इंदु पटेल को ठोकर मारकर रोड एक्सीडेंट कर दिया, साथ ही स्वयं भी गिर गया। गिरने से दुलारसिंग को चोटें आई, जिसे उसकी मौत हो गई। मामले की सूचना पर बसना थाने में धारा 281,125 (ए), 106 (1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर किया गया है।

### पोकलेन ऑपरेटर के साथ मारपीट



**महासमुंद।** पोकलेन ऑपरेटर के साथ मारपीट करने के मामले में तुमगांव थाने में दो लोगों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को जगदीश विश्वकर्मा ने बताया कि वह वर्तमान में ललित साहू के यहां पोकलेन ऑपरेटर का काम करता है। 09 जून की रात 9.30 बजे चंदन देवदास के साथ झम्मन दुकान के पास खड़ा था, तभी ग्राम अछोली के सूरज साहू और अश्वनी उर्फ बबलू बंजारे उसके पास आये और पूछने लगे कि कहां काम करता है। इस पर उसने बताया कि ललित साहू के यहां पोकलेन ऑपरेटर का काम करता हूं। इस वे लोग कहने लगे कि दूसरे गांव का आदमी हमारे गांव में ललित के यहां क्यों काम कर रहा है। साथ ही गाली गलौज कर मारपीट करने लगे और जाते हुए जान से मारने की धमकी दी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के अंतर्गत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# जिले के चार विकासखंडों में शुरू होगी एआई आधारित प्रतियोगी परीक्षा अकादमी

**गरियाबंद/** जिले के मेधावी विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की गुणवत्तापूर्ण और आधुनिक तैयारी कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा पहल की जा रही है। कलेक्टर बी.एस. उइके के मार्गदर्शन में जिले के चारों विकासखंड गरियाबंद, मैनपुर, देवभोग और फिंगेश्वर में रेस रत्नगर्भा अकादमी फॉर कॉम्पिटिटिव एग्जाम की शुरुआत की जा रही है। इस अकादमी के माध्यम से विद्यार्थियों को एसएससी, सीजी व्यापम, रेल्वे , अग्निवीर सहित अन्य महत्वपूर्ण प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित आधुनिक शिक्षण प्रणाली से कराई जाएगी।

■ एसएससी, व्यापम और रेलवे की तैयारी के लिए विद्यार्थियों को मिलेगा आधुनिक मार्गदर्शन

जिला प्रशासन ने ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को बड़े शहरों जैसी प्रतियोगी परीक्षा तैयारी की सुविधाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध करा रहे है। ताकि आर्थिक और भौगोलिक कारणों से किसी भी विद्यार्थी की प्रतिभा प्रभावित न हो। अकादमी में विद्यार्थियों को विषय विशेषज्ञों का मार्गदर्शन, अध्ययन सामग्री, टेस्ट सीरीज, ▶▶| शेष पेज 12 पर

## चोरी करने के बाद युवक ने जुए में उड़ाया पैसा

# जेवरात चोरी करने वाला पड़ोसी निकाला, जेल भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

नगर के नेशनल हाईवे किनारे आमापारा निवासी वरिष्ठ शिक्षिका के घर में 6 माह पूर्व सोना चांदी के जेवरात चोरी होने की जानकारी लगते ही नगर व क्षेत्र में हड़कंप मची थी। इसकी शिकायत मैनपुर थाना में की गयी थी। पुलिस संदेही पर कड़ी नजर रखी गई थी और चोर कोई और नहीं पड़ोस के ही युवक निकला, जो उनके घर आना जाना किया करता था, लेकिन विश्वासघात कर मौके का फायदा उठाकर युवक ने सोने चांदी के जेवरात को घर से साफ कर दिया।



इस पैसे से जहां उन्होंने जमकर जुआ खेलकर पैसा को उड़ाया, वहीं बैंक से गोल्ड लोन भी लिया था। पुलिस द्वारा युवक को गिरफ्तार करने पर और चोरी की अपराध कबूल करने पर नगर के लोगों की होश उड़ गए। मैनपुर पुलिस ने चोरी के आरोप में निखिल जगत पिता बृजलाल उर्फ भोला जगत 29 साल को गिरफ्तार न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया। पुलिस के अनुसार चोरी किये गये सोने चांदी की कीमत 2 लाख 86 हजार रूपये बताई जा रही है, जबकि आज की स्थिति मे और वर्तमान कीमतों के अनुसार 18 लाख से अधिक के सोने चांदी बताये जा रहे हैं। बहरहाल मैनपुर पुलिस को चोरी के पर्दाफाश करने लगभग 05 माह से अधिक का समय लगा, लेकिन आज चोरी में युवक के नाम सामने आने पर लोग चौक गये, क्योंकि उक्त युवक उसी मोहल्ले का निवासी और प्रार्थिया के घर उसका आना जाना लगा रहता था।

# मोदी सरकार के 12 वर्ष, भाजपा राजिम मंडल में महाआरती कार्यकर्ताओं ने मनाया उत्सव



राजिम। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के 12 वर्ष पूर्ण पर राजिम भाजपा मंडल द्वारा आयोजित राजिम स्थित बाबा गरीबनाथ महादेव मंदिर में महाआरती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छग राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष पूर्व सांसद चंदूलाल साहू ने कहा कि आज प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 12 वर्ष पूर्ण हुए हैं। इस अवधि में उन्होंने 4399 दिन का कार्यकाल पूर्ण कर पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के 4398 दिन के कार्यकाल को पीछे छोड़ दिया है। मोदी केवल पदासीन नहीं रहे, बल्कि उन्होंने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के मंत्र के साथ राष्ट्र को नई दिशा दी है। कांग्रेस के भ्रम और भ्रष्टाचार की राजनीति से देश को मुक्त कराकर उन्होंने सुशासन, पारदर्शिता और जनकल्याण को आधार बनाया है। नगर पालिका अध्यक्ष महेश यादव ने कहा कि 12 वर्ष के इस स्वर्णिम कार्यकाल में गरीब कल्याण, किसान समृद्धि, नारी सशक्तिकरण और आत्मनिर्भर भारत की जो नींव रखी गई है, वही विकसित भारत 2047 के संकल्प को साकार करेगी। मोदी जी के विजन और दूरदर्शी नेतृत्व में देश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। राजिम भाजपा मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू ने कहा कि आज का दिन हम सभी देशवासियों और कार्यकर्ताओं के लिए अत्यंत गौरवशाली और ऐतिहासिक है। विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता, देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के विश्वास, विकास और जनकल्याण के 12 वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण हो चुके हैं। इसके साथ ही मोदी जी भारत के सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री बनने का गौरव भी हासिल कर चुके हैं।

## स्वस्थ जीवनशैली और पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

# फिट इंडिया मूवमेंट, जिला मुख्यालय में निकली साइकिल रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

फिट इंडिया मूवमेंट के तहत जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा बुधवार को जिला मुख्यालय गरियाबंद में साइकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली को नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव एवं उपाध्यक्ष आसिफ मेमन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर पार्षद मधु देवांगन, रेणुका साहू, प्रकाश सोनी, सुमित पारख, भानू राजपूत, अपर कलेक्टर ऋषा ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक करन उइके, डीएसपी गोपाल वैश्य, सुशील मलिक, मंजूलता राठौर तथा सीएमओ संध्या वर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे। रैली में स्कूली बच्चों, खिलाड़ियों, नागरिकों तथा अधिकारी-





कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और नियमित व्यायाम, स्वस्थ जीवनशैली तथा प्रदूषण मुक्त वातावरण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। साइकिल रैली गांधी मैदान से शुरू होकर शारदा चौक होते हुए गौरवपथ-भूतेश्वरनाथ रोड तक पहुंची। लगभग एक किलोमीटर की दूरी तय करने के बाद रैली राइजिंग स्टार इंग्लिश मीडियम स्कूल के समीप गौरवपथ रोड के अंतिम छोर से वापस गांधी मैदान पहुंचकर संपन्न हुई। आयोजन के दौरान पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के लिए विशेष इंतजाम किए गए थे। मुख्य अतिथि रिखीराम यादव ने कहा कि साइकिल का नियमित उपयोग न केवल स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि फिट इंडिया मूवमेंट का उद्देश्य लोगों को फिटनेस, स्वास्थ्य जागरूकता और नियमित शारीरिक गतिविधियों के प्रति प्रेरित करना है।

इस अवसर पर अतिथियों और वरिष्ठ अधिकारियों ने स्कूली बच्चों, खिलाड़ियों और नागरिकों को संबोधित करते हुए साइकिल को स्वास्थ्यवर्धक और पर्यावरण अनुकूल परिवहन का बेहतर माध्यम बताया। कार्यक्रम के अंत में जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों एवं व्यायाम शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान ब्लॉक नोडल संजीव साहू, गिरीश शर्मा, महेन्द्र यादव, नंदकुमार रात्रे, दानवीर साहू और होरी साहू भी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### दुष्कर्म मामले में कथावाचक नरेंद्र नयन गए जेल

**महासमुंद।** बागबाहरा थाना क्षेत्र में कथित दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने सिलियारी आश्रम के संचालक व कथावाचक पंडित नरेंद्र नयन शास्त्री को गिरफ्तार कर लिया है। मंगलवार शाम आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, 6 जून को एक युवती ने बागबाहरा थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया कि आंखों की बीमारी के उपचार के सिलसिले में उसका संपर्क बाबा से हुआ। शिकायत में बताया कि बाबा ने उसे ठीक करने का भरोसा दिलाया और बाद में विवाह का आश्वासन देकर कई बार शोषण किया। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वर्ष 2023 में भागवत कथा के दौरान उसकी मुलाकात बाबा से हुई थी। कथा के दौरान प्रसाद खाने के बाद वह बेहोश हो गई। इसके बाद बाबा लगातार उसके संपर्क में रहा और शादी का वादा कर उसका शोषण करता रहा। शिकायत में यह भी कहा गया है कि आरोपी ने उसकी कुंडली में दो विवाह होने की बात कहकर उसे अपने प्रभाव में बनाए रखा। युवती की शिकायत के आधार पर बागबाहरा पुलिस ने धारा 376(2), 376 (2) (आई), 396 (2) (एन) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने मंगलवार को आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

### तालाब गहरीकरण व पेंशन के लिए ग्रामीणों ने लगाई गुहार



**महासमुंद।** जिले के पिथौरा विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत भोकलूडीह के ग्रामीण और सेवानिवृत्त वनपाल ने समस्याओं को लेकर कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचकर जिला प्रशासन से सहायता की गुहार लगाई है। ग्रामीणों ने दो अलग-अलग समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित करने का आग्रह किया है।

ग्राम भोकलूडीह के निवासियों और गुलाबी स्व-सहायता समूह ने जनदर्शन में एक संयुक्त आवेदन सौंपा है। ग्रामीणों का कहना है कि उनके गांव में वन विभाग का एक पुराना तालाब स्थित है, जो पूरे गांव के लिए जल का प्रमुख स्रोत है। पिछले कुछ वर्षों में तालाब में भारी मात्रा में मिट्टी और कीचड़ जमा हो गया है, जिससे इसकी गहराई और जल संग्रहण क्षमता कम हो गई है। ग्रामीणों ने बताया कि तालाब की स्थिति खराब होने के कारण गर्मी शुरू होते ही यह पूरी तरह सूख जाता है। इससे मवेशियों के पीने के पानी और अन्य दैनिक कार्यों के लिए ग्रामीणों को गंभीर जल संकट का सामना करना पड़ता है। साथ ही, तालाब में पानी न रुकने के कारण आसपास के क्षेत्र का भूजल स्तर भी नीचे गिर गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से आग्रह किया है कि आने वाले मानसून को देखते हुए तालाब का गहरीकरण करवाया जाए, ताकि इसमें पर्याप्त पानी जमा हो सके और गांव में पेयजल की समस्या हल हो सके। जनदर्शन में ग्राम भोकलूडीह निवासी राजकुमार साहू भी अपनी समस्या लेकर पहुंचे। उन्होंने बताया कि वे वन विभाग में वनपाल के पद पर बम्हनी बीट में पदस्थ थे और जुलाई 2023 में सेवानिवृत्त हुए हैं।

# जोगीडीपा में निस्तारी तालाब को पाटने का ग्रामीणों ने किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- 70 से 80 की संख्या में ग्रामवासी कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे, तालाब बचाने लगाई फरियाद

गांव का इकलौता तालाब जो पूरे गांव की निस्तारी का एकमात्र जरिया रहा। उसे मिट्टी भरकर पाटने का ग्रामीणों ने विरोध दर्ज कराया है। सरपंच सियाबाई नंदे के नेतृत्व में लगभग 70 से 80 की संख्या में ग्रामवासी कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे और जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर तालाब को बचाने व तत्काल प्रभाव से निर्माण कार्य पर रोक लगाने की मांग की है।

## गांव की निस्तारी का जरिया है तालाब, ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

### जल संकट का खतरा

ग्रामीणों ने बताया कि वर्तमान में भीषण गर्मी का दौर चल रहा है। ऐसे में तालाब का अस्तित्व समाप्त होने से गांव में पेयजल का भारी संकट उत्पन्न हो सकता है। ग्रामीणों के अनुसार, संबंधित व्यक्ति निजी स्वार्थ सिद्ध करने के उद्देश्य से सार्वजनिक संपत्ति पर अवैध कब्जा कर रहा है, जिससे भविष्य में निस्तारी की समस्या विकराल हो जाएगी। यह तालाब न केवल ग्रामीणों के लिए, बल्कि बेजुबान मवेशियों के लिए भी एकमात्र सहारा है।



### प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग

सरपंच सियाबाई नंदे ने कहा कि ग्राम पंचायत की अनदेखी करते हुए की जा रही यह अवैध गतिविधि पूरी तरह से अनुचित है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से स्पष्ट मांग की है कि सार्वजनिक तालाब की भूमि पर हो रहे मिट्टी व मुरुम भराव के कार्य को तत्काल प्रभाव से रोका जाए। तालाब की यथास्थिति बनाए रखी जाए ताकि ग्रामीणों को पानी की किल्लत का सामना न करना पड़े। ग्रामीणों ने कहा कि समय रहते तालाब को पाटने के कार्य पर रोक नहीं लगाई गई, तो उन्हें आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

ग्रामीणों ने शिकायत में बताया है कि ग्राम जोगीडीपा स्थित खसरा नंबर 131 और 132 की लगभग 2 एकड़ भूमि जहां एक मात्र तालाब है जिसे गांव के पूर्वजों द्वारा दिया गया था। जिसका ग्रामीण निस्तारी तालाब के रूप में उपयोग करते हैं। यह तालाब गांव का एकमात्र जलस्रोत है, जो भीषण गर्मी के मौसम में ग्रामीणों की दैनिक आवश्यकताओं और मवेशियों की प्यास बुझाने के काम आता है। ग्रामीणों का आरोप है कि पूर्वजों के द्वारा दिये गये भूमि को गांव के ही रहने वाले उनके वंशज उत्तराकुमार जाटवर पिता फागुराम जाटवर द्वारा उक्त सार्वजनिक भूमि पर अपना एकाधिकार जमाते हुए वहां मिट्टी और मुरुम डलवाकर तालाब को पाटा जा रहा है।

## राजस्व, पुलिस प्रशासन और अन्य विभागों के अधिकारियों की रही मौजूदगी

# 40 एकड़ में चला बुलडोजर, निर्माणाधीन दो प्रधानमंत्री आवास भी तोड़ दिए, बवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुरसाबांधा

- नाराज ग्रामीणों ने प्रभावित परिवार को न्याय दिलाने की मांग

ग्राम में बुधवार को लगभग 40 एकड़ भूमि को मुक्त कराने प्रशासन की कार्रवाई के दौरान उस समय तनाव की स्थिति निर्मित हो गई, जब एक गरीब परिवार के निर्माणाधीन प्रधानमंत्री आवास को भी तोड़ दिया गया। घटना के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए और कार्रवाई पर नाराजगी जताते हुए प्रभावित परिवार को न्याय दिलाने की मांग करने लगे।

प्रशासन द्वारा ग्राम में वर्षों से चले आ रहे अतिक्रमण को हटाने के लिए अभियान चलाया गया। राजस्व विभाग, पुलिस प्रशासन और अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में जेसीबी मशीनों से यह कार्रवाई की गई। जानकारी के अनुसार लगभग 40 एकड़ भूमि पर 27 लोगों द्वारा कब्जा किया गया था, जिसे हटाया जा रहा है। कार्रवाई के दौरान निर्माणाधीन दो प्रधानमंत्री आवास भी क्षतिग्रस्त हो गए। ग्रामीणों के अनुसार ये आवास संतोष साहू एवं उनकी माता घुरवाबाई के नाम स्वीकृत हुए थे। परिवार का कहना है कि वे पिछले 30 से 35 वर्षों से इसी स्थान पर निवास कर रहे हैं। उनका आरोप है कि आवास निर्माण की अनुमति मिलने के बाद उन्होंने कर्ज लेकर मकान निर्माण शुरू किया था। बुधवार को ही छत ढलाई का कार्य होना था। इसके लिए सीमेंट, गिट्टी और अन्य निर्माण सामग्री भी स्थल पर पहुंच चुकी थी। ग्रामीणों का कहना है कि मंगलवार शाम को नोटिस दिया गया और अगले ही दिन सुबह कार्रवाई शुरू कर दी गई। जैसे ही निर्माणाधीन मकान को तोड़ा जाने लगा, ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया और बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए। विरोध के बाद मकान के एक हिस्से को छोड़ दिया गया।



### न्यायालय के आदेश पर कार्रवाई, जारी रहेगी : एसडीएम

एसडीएम राजिम विशाल महाराणा ने बताया कि आज कुछ अतिक्रमण हटाए गए हैं। आगे की कार्रवाई के लिए अतिरिक्त पुलिस बल की आवश्यकता है। आने वाले सप्ताह में भी यह अभियान जारी रहेगा कहा कि न्यायालय के आदेश के पालन में यह कार्रवाई की जा रही है।

### प्रभावित परिवारों को राहत नहीं मिलने तक कार्रवाई का विरोध

आक्रोशित ग्रामीणों ने मांग की है कि प्रभावित परिवार को उचित राहत और आवास उपलब्ध कराया जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि जब तक परिवार को न्याय नहीं मिलता, तब तक आगे की कार्रवाई का विरोध किया जाएगा।

वहीं प्रशासन का कहना है कि संबंधित भूमि उद्योग विभाग को आवंटित है। प्रस्तावित फूड पार्क निर्माण के लिए आरक्षित की गई है। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार न्यायालय से प्राप्त आदेश के बाद अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है।

# गुरुपूर्णिमा महोत्सव के लिए साधक-शिष्यों की बैठक



**कोपरा।** गुरुसत्ता आध्यात्मिक केंद्र तरीघाट एवं शांति धाम साधक कल्याण वेल्फेयर राजिम के तत्वावधान में आगामी 28 एवं 29 जुलाई को मुनगाशेर, बागबाहरा में आयोजित होने वाले शिव संयुजस्य गुरुपूर्णिमा महोत्सव की तैयारियों के संबंध में गुरुधाम तरीघाट में गुरुदेव डॉ. आनंद मतावले की उपस्थिति में साधक-शिष्यों की बैठक हुई।

बैठक में महोत्सव की व्यापक तैयारियों, आयोजन की रूपरेखा, साधकों की सहभागिता, आवास, भोजन, यातायात, पंजीयन एवं विभिन्न समितियों के गठन सहित अनेक विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। पूज्यपाद गुरुदेव डॉ. आनंद मतावले जी ने कहा कि गुरुपूर्णिमा गुरु के प्रति श्रद्धा, समर्पण और कृतज्ञता व्यक्त करने का महान पर्व है, जो साधक के आध्यात्मिक जीवन को नई दिशा प्रदान करता है।

उन्होंने सभी साधक-शिष्यों से आह्वान किया कि वे सेवा, साधना एवं संगठन की भावना के साथ आयोजन को सफल बनाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं तथा अधिक से अधिक श्रद्धालुओं को इस आध्यात्मिक महोत्सव से जोड़ें।

बैठक में अलग क्षेत्र से जैसे ओडिशा महासमुंद गरियाबंद रायपुर बागबाहरा झलप बसना बिलासपुर के साथ साथ अन्य जिलों से साधक शिष्यों की उपस्थिति में आयोजन की सफलता हेतु पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर महोत्सव में आयोजित होने वाले गुरु पूजन, आध्यात्मिक प्रवचन, ध्यान साधना, भजन-कीर्तन, यज्ञ एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी चर्चा की गई।

अंत में सभी साधक-शिष्यों ने सामूहिक रूप से शिव संयुजस्य गुरुपूर्णिमा महोत्सव 2026 को भव्य, दिव्य एवं ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लेते हुए गुरुदेव का आशीर्वाद प्राप्त किया।

# मानसून की बेरुखी और उमस भरी गर्मी से जनजीवन बेहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पिछले एक सप्ताह से जिले में मौसम का मिजाज काफी अजीब बना हुआ है। आसमान में बादल छाए रहते हैं और रुक-रुककर हल्की बारिश भी हो रही है, लेकिन यह बारिश लोगों को गर्मी से राहत देने के बजाय मुसीबत का कारण बन गई है। जिले के कई हिस्सों में हुई हल्की बारिश के बाद वातावरण में नमी का स्तर काफी बढ़ गया है। बारिश रुकते ही तेज उमस महसूस होने लगती है, जिससे लोगों का हाल बेहाल है। दिन में तो गर्मी रहती ही है, लेकिन रात का समय और भी कष्टकारी हो गया है। उमस के कारण घरों के अंदर रहना मुश्किल हो रहा है, जिससे लोग देर रात तक घरों के बाहर समय बिताने को मजबूर हैं। इस परेशानी में बिजली की अनियमित आपूर्ति ने लोगों के लिए और भी मुसीबत बन रहा हैं। रात के समय बिजली गुल होने से लोगों की रातें बेचैनी में गुजर रही हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में हालात और भी खराब हैं, जहां बिजली की कटौती का असर अधिक देखने को मिल रहा है और लोग बिजली आने का घंटों इंतजार करते रहते हैं।

### किसानों की चिंता बढ़ी

मानसून में हो रही देरी का सीधा असर खेती-किसानी पर पड़ा है। जिले के किसानों ने खरीफ सीजन के लिए खेतों की जुताई और अन्य जरूरी तैयारियां पूरी कर ली हैं। लेकिन पर्याप्त बारिश न होने के कारण वे बोआई शुरू नहीं कर पा रहे हैं। किसानों के सामने यह धर्मसंकट है कि यदि वे अभी बीज डाल देते हैं और बारिश नहीं हुई, तो बीज खराब हो जाएंगे। ऐसी स्थिति में उन्हें दोबारा बोआई करनी पड़ेगी, जिससे उनकी लागत काफी बढ़ जाएगी। यही कारण है कि किसान अच्छी बारिश का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

### मौसम विभाग से राहत की उम्मीद

तमाम मुश्किलों के बीच मौसम विभाग ने राहत की खबर दी है। विभाग के अनुसार, अगले चार से पांच दिनों में दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां पूरी तरह अनुकूल हैं। उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही जिले में अच्छी बारिश होगी, जिससे न केवल लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिलेगी, बल्कि खेती-किसानी का काम भी तेजी से शुरू हो सकेगा।

# मारपीट कर घर से निकाला, सास, पति खिलाफ मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर के नयापारा क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 7 में एक महिला और उसकी 12 वर्षीय बेटी के साथ कथित रूप से गाली-गलौज, मारपीट और जबरन घर से बाहर निकालने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पति, सास और अन्य लोगों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, नयापारा निवासी श्रीमती नसरीन कुरैशी ने शिकायत दर्ज कराई है कि वह ब्यूटी पार्लर चलाती हैं। पारिवारिक विवाद के चलते वह पिछले लगभग छह वर्षों से अपनी 12 वर्षीय बेटी के साथ रहती है। 1 जून को उसकी सास गौसिया कुरैशी, पति राज कुरैशी और अन्य लोग जबरन मकान के एक हिस्से में आकर रहने लगे और लगातार विवाद और प्रताड़ना का माहौल बनाते रहे। 9 जून शाम करीब 4 बजे स्थिति अचानक बिगड़ गई। सास, पति और अन्य लोगों ने एकजुट होकर पीड़िता एवं उसकी मासूम बेटी के साथ अश्लील गाली-गलौज की। विरोध करने पर दोनों के साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट करते हुए धक्का देकर जबरन घर से बाहर निकाल दिया। जिसके बाद पीड़िता ने डायल 112 को सूचना दी और सिटी कोतवाली पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज करते हुए आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023 की धारा 296, 115(2) एवं 3(5) के तहत मामला पंजीबद्ध किया है।

# नीट पर कलेक्टर ने ली केंद्राध्यक्षों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- परीक्षा के सफल एवं शांतिपूर्ण संचालन के लिए कार्यपालिक दंडाधिकारियों की ड्यूटी लगाई

राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (एनईईटी-2026) का आयोजन आगामी 21 जून 2026 को जिले के पांच परीक्षा केंद्रों में किया जाएगा। परीक्षा के शांतिपूर्ण संचालन को सुनिश्चित करने के लिए जिला दंडाधिकारी एवं कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने सभी परीक्षा केंद्रों के केंद्राध्यक्षों की बैठक लेकर पारदर्शी और शांतिपूर्ण परीक्षा के आयोजन के लिए निर्देश दिए हैं। बैठक में





परीक्षा के सफल संचालन के लिए जरूरी निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय पात्रता एजेंसी द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुरूप अक्षरशः पालन करना होगा। उन्होंने परीक्षा केंद्रों में बिजली, पानी, शौचालय की व्यवस्था करने तथा यातायात व्यवस्था के लिए निर्देश दिए।

परीक्षा के समन्वयक संजय कंसल ने बताया कि जिले के पांच केंद्रों में कुल 1242 अभ्यर्थी शामिल होंगे। सभी कक्षों में सीसीटीव कैमरा लगाए जाएंगे। अभ्यर्थी को 1:30 बजे के पश्चात प्रवेश की पात्रता नहीं होगी। यह परीक्षा सवा 3 घंटे की होगी। इसके अतिरिक्त परीक्षा के सफल आयोजन के लिए सामान्य निर्देश भी दिए गए। साथ ही कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा परीक्षा केंद्रों के सतत निरीक्षण के लिए कार्यपालिक दंडाधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। परीक्षा केंद्र शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य पीजी कॉलेज मचेवा में तहसीलदार नितिन ठाकुर, शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज बरोंडाबाजार में तहसीलदार ममता ठाकुर, पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में तहसीलदार जुगल किशोर पटेल, स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम विद्यालय नेहरू चौक में तहसीलदार हरिशकांत ध्रुव तथा शासकीय माता कर्मा महाविद्यालय मचेवा में तहसीलदार भवानी शंकर साव को कार्यपालिक दंडाधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है।

## पेज 11 के शेष

### सहकारी समिति में तालाबंदी ...

का भंडारण नहीं होने से किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मांग की कि किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद-बीज उपलब्ध कराया जाए तथा वितरण व्यवस्था को सुचारू बनाया जाए। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि किसानों की समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। कार्यकर्ताओं ने सहकारी समिति के सामने धरना देकर सरकार के खिलाफ नारे लगाए और किसानों के हितों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेश्वरी शाह, यशपेंद्र शाह, समद खान, राजकुमारी सोनी, भानु प्रताप भारद्वाज, हाजी चिराग अली, मंजू ध्रुव, पुष्पा ध्रुव, रमेश शर्मा, शमीम खान, सलीम मेमन, बालमुकुंद चंद्राकर, रमेश चंद्राकर, पंचराम टंडन, रामजी दीवान, देवसिंह नेताम, शांतनु देवांगन, रिखीराम यादव, पुनीत ध्रुव, मंडल अध्यक्ष केवल साहू, चैतन ठाकुर, नीलकंठ ठाकुर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### पांडुका सरपंच भानु...

का यह भाजपा प्रवेश कार्यक्रम भी इसी बदलते राजनीतिक समीकरण का बड़ा उदाहरण बनकर सामने आया है। ग्रामीणों एवं नवप्रवेशी कार्यकर्ताओं ने कहा कि विधायक रोहित साहू की कार्यशैली, विकास कार्यों के प्रति सक्रियता, सहज स्वभाव, मिलनसारिता और हँसमुख व्यवहार से प्रभावित होकर वे भाजपा से जुड़े हैं। क्षेत्र में सड़कों, मूलभूत सुविधाओं, जनसमस्याओं के निराकरण तथा निरंतर जनसंपर्क के कारण लोगों का विश्वास भाजपा के प्रति मजबूत हुआ है। कार्यक्रम के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों में भारी उत्साह देखने को मिला। उपस्थित लोगों ने भाजपा संगठन को और मजबूत करने तथा गांव-गांव तक पार्टी की विचारधारा पहुंचाने का संकल्प भी लिया। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, भाजपा महामंत्री चंद्रशेखर साहू,महिला मोर्चा के जिला भाजपा कोषाध्यक्ष स्निग्धा शर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी मौजूद थे। सरपंच सुश्री भानु ध्रुव ने कहा कि भाजपा सरकार में काम अच्छा हो रहा है। विधायक रोहित साहू बहुत ही सरल,सहज और व्यवहारिक है लिहाजा वे पार्टी में शामिल हुए है।

### जिले के चार विकासखंडों...

करियर मार्गदर्शन तथा एआई आधारित व्यक्तिगत सीखने की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इससे विद्यार्थियों को अपनी क्षमता के अनुरूप तैयारी करने और प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने का अवसर मिलेगा। कलेक्टर उइके ने जिले के विद्यार्थियों से इस अवसर का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील करते हुए कहा है कि प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने के लिए सही मार्गदर्शन और नियमित तैयारी अत्यंत आवश्यक है। जिला प्रशासन द्वारा शुक्रवार, 12 जून को सुबह 10 बजे ऑक्सन हॉल, वन परिसर, गरियाबंद में कैरियर काउंसलिंग सेमिनार का आयोजन किया गया है। जिला प्रशासन ने जिले के अधिक से अधिक विद्यार्थियों को सेमिनार में उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ लेने का आग्रह किया है। उल्लेखनीय है कि रेस रत्नगर्भा अकादमी फॉर कॉम्पिटिटिव एग्जाम की नियमित कक्षाएं 22 जून से प्रारंभ होंगी। अकादमी के माध्यम से जिले के युवाओं को प्रतिस्पर्धी माहौल में बेहतर तैयारी का अवसर मिलेगा, जिससे वे विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता हासिल कर अपने सपनों को साकार कर सकेंगे।

# विधायक रोहित ने श्रमिकों के साथ किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुरसाबांधा

राजिम विधानसभा के विधायक रोहित साहू ग्राम सोरिदखुर्द में श्रमिकों द्वारा आयोजित शामिल हुए। उन्होंने वहा सभी के साथ मिलकर पौधारोपण किया। उपस्थित सभी लोगों ने पौधों की नियमित देखभाल करने तथा अधिक से अधिक पौधा लगाने का संकल्प लिया। विधायक रोहित ने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक खुशियां पहुंचाना ही जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं का वास्तविक दायित्व है। पूरे आयोजन में सामाजिक एकता, श्रम सम्मान और पर्यावरण संरक्षण का संदेश स्पष्ट रूप से दिखाई दिया, जिसकी ग्रामीणों ने सराहना की।



इसी तरह लोहरसी स्थित मां शीतला मंदिर प्रांगण में पौधारोपण किया गया। पर्यावरण संरक्षण एवं हरित ग्राम के संकल्प के साथ उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने नारियल के पौधों का रोपण कर सेवा एवं प्रकृति संरक्षण के रूप में मनाया।

कार्यक्रम में जनपद सदस्य नीता सोहन साहू, जिला सहकारी समिति अध्यक्ष धनीराम साहू, मंडल अध्यक्ष गोपी ध्रुव सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। इस अवसर पर पूरनलाल साहू, दिलीप शर्मा, सोहन साहू, युगल साहू, पोखनलाल साहू, देवलाल साहू, विक्रम साहू, खिलेश्वर साहू, जगदीश साहू, चम्पेश्वर सेन सहित अनेक ग्रामवासी उपस्थित थे।



# रसेला से छुरा मार्ग चौड़ीकरण के लिए वर्षों से मिल रहा आश्वासन, सड़क आज भी बदहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

सरकारें बदली, मुख्यमंत्री बदले, योजनाओं के नाम बदले और विकास के दावे भी बदलते रहे, लेकिन रसेला से छुरा मार्ग की किस्मत नहीं बदली। 50 गांव से रोजाना 5 हजार से ज्यादा लोगों की आवाजाही वाली पीडब्ल्यूडी की यहां सड़कें पांच से छह दशक पहले जिस सड़क के चौड़ीकरण की मांग शुरू हुई थी,वह आज भी अपनी बदहाली की कहानी बयां कर रही है। मानसून दस्तक देने के कगार पर है। ऐसे में इस सड़क पर सफ़र को लेकर लोगों की चिंता बढ़ गई है। क्षेत्र के बुजुर्ग किसान डी आर यादव, धनेश राम ठाकुर,फिरूराम जगत, तुलसीराम दीवान, दयाराम नागेश, अलाल नागेश, श्यामलाल सोरी,अगुन राम ओटी, विक्रम कंवर, गोविंद सिन्हा,मानकू राम यादव,सिया राम जगत,एवनसिग नागेश,मानिक राम सेन ने बताया कि सड़क सुधार और चौड़ीकरण की मांग लेकर तत्कालीन जनप्रतिनिधि भोपाल से लेकर दिल्ली तक नेताओं के दरवाजे खटखटाते रहे। उस दौर में श्यामाचरण शुक्ल, विद्याचरण शुक्ल, सुंदरलाल पटवा, कैलाश जोशी, अर्जुनसिंह और दिग्विजय सिंह जैसे नेताओं तक यह मांग पहुंची। हर बार आश्वासन मिला, लेकिन सड़क की तस्वीर नहीं बदली। छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद लोगों को उम्मीद जगी कि अब हालात सुधरेंगे। इसके बाद अजित जोगी,डा रमन सिंह,भूपेश बघेल, और वर्तमान विष्णुदेव साय के कार्यकाल में भी सड़क निर्माण और चौड़ीकरण की मांग लगातार उठतीं रही। आपके सरकार आपके द्वार, जनदर्शन, ग्राम सुराज अभियान, और सुशासन तिहार जैसे तमाम आयोजन में भी ग्रामीणों ने अपनी पीडा रखीं, लेकिन नतीजा शून्य रहा।

## बारिश में खड़ी होगी मुसीबत, बजट की कमी सड़क की दुर्दशा दूर करने में रोडा बनी





### बारिश के दिनों में आवाजाही बंद

यहां सड़कें ओडिशा सीमा को जोड़ती है। इस क्षेत्र के कालेज और स्कूल जाने वाले छात्राओं को भी सड़क की बदहाली का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। बारिश के दिनों में जर्जर पुल पुलिया के ऊपर पानी भरने से पुरी तरह आवाजाही बंद हो जाता है। कीचड़ और गंदे पानी से कपड़े खराब हो जातें हैं। कई बार छात्राएं और युवक युवतियों साइकिल या दोपहिया वाहन से गिरकर चोटिल हो चुके हैं। क्षेत्र के नागरिकों का कहना है कि चुनाव आते ही सड़क निर्माण का मुद्दा प्रमुखता से उठाया जाता है। राजनीतिक दल विकास और सड़क सुधार के बड़े बड़े वादे करते हैं, लेकिन चुनाव खत्म होते ही यह मुद्दा भी गायब हो जाता है। परिणाम यह है कि सड़क नवनिर्माण और चौड़ीकरण की मांग करते करते एक पीढ़ी गुजर गई अब दूसरी पीढ़ी भी उसी उम्मीद में इंतजार कर रही है।

## खबर संक्षेप

### अनुसूचित क्षेत्र के छात्रों के लिए विज्ञान और वाणिज्य शिक्षण केन्द्रों में प्रवेश प्रारंभ

**गरियाबंद।** कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित होने के बाद प्रदेश के अनुसूचित क्षेत्रों में निवासरत अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों के लिए विज्ञान एवं वाणिज्य शिक्षण केन्द्रों में प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है। आदिवासी विकास विभाग द्वारा संचालित विज्ञान एवं वाणिज्य शिक्षण केन्द्र कन्या जिला दुर्ग तथा विज्ञान एवं वाणिज्य शिक्षण केन्द्र बालक जिला मुख्यालय जगदलपुर बस्तर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए पात्र विद्यार्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि योजना के अंतर्गत ऐसे विद्यार्थी पात्र होंगे जो प्रदेश के अनुसूचित क्षेत्रों में निवासरत हों, अनुसूचित जाति अथवा अनुसूचित जनजाति वर्ग से संबंधित हों तथा कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा न्यूनतम 40 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण किए हों। साथ ही विज्ञान अथवा वाणिज्य विषयों में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के इच्छुक हों। पात्र विद्यार्थियों को विभाग के साथ एक अनुबंध पत्र पर हस्ताक्षर करना होगा। जिसमें विज्ञान अथवा वाणिज्य विषय में स्नातक, स्नातकोत्तर एवं बी.एड. की पढ़ाई पूरी करने के बाद प्रदेश के अनुसूचित क्षेत्रों में शिक्षक के रूप में अपनी सेवाएं देने की सहमति देनी होगी।

## निधन

### भूषण साहू

**छुईहा बेलर।** परसदाकला निवासी भूषण साहू बुधवार को निधन हो गया। उनकी अंत्येष्टि में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और श्रद्धाजंलि। वह सरपंच परसदाकला गणेशाराम साहू के बड़े भाई थे।



# गायत्री नव चेतना केंद्र में पांच दिनी आवासीय व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर

**फिंगेश्वर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वधान में गायत्री चेतना केंद्र फिंगेश्वर में पांच दिवसीय व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर का शुभारंभ नगर के अध्यक्ष धनराज सूर्यवंशी एवं अरेन्द्र पहाड़िया, जितेंद्र सिन्हा, युवराज सिन्हा द्वारा किया गया। अतिथियों ने कहा युवा अवस्था में प्राप्त किया गया ज्ञान रूपी सत्संग जीवन के रास्ते सफल बनाते हैं।

इस कार्यक्रम में दूर–दूर से 16 साल से 25 साल तक के युवक युक्तियां पहुंचे थे, जिनकी संख्या लगभग 100 की रही होगी। आवासीय रूप में ठहरने के लिए इस शिविर में भाग लेने के लिए और इस शिविर को संचालित करने के लिए हमारे शांतिकुंज हरिद्वार के सुश्री रोमा साहू,सुश्री रुक्मणी बंछोर, व्याख्याता हाई स्कूल बडीकरेली, सावित्री,सुमित्र साहू एवं मुख्य गायक हरि शंकर सिंह पधारे हुए हैं। युवराज सिन्हा ने कहा कि घर से मिले संस्कार एवं घर से बाहर मिले सत्संग दोनों ही युवाओ के मंजिल को सरल एवं सुखद बनाते हैं। अरेन्द्र पहाड़िया ने कहा कि आज के युवाओं मे संयम, सदाचार एवं आज्ञाकारी, अनुशासन,ईमानदारी के गुण आव"यक है।इनके होने पर ये किसी भी अंधकार को सरलता से पार कर सकते हैं।





यह आयोजन 10 से 14 जून तक किया जा रहा है। नव चेतना केंद्र फिंगेश्वर युग पुरोहित परमानंद ने कहा कि श्रेष्ठ चरित्रवान चिंतनशील युवा ही किसी राष्ट्र के भविष्य है अपने अभिभावकों के स्वर्णिम सपनों को साकार करने वाली तथा परिवार व राष्ट्र की गौरव बढ़ाने वाली युवा पीढ़ी से भला कौन गौरान्वित नहीं होगा।

इस तरह के शिविरों का मुख्य उद्देश्य युवाओं के भीतर छिपी प्रतिभा को निखारना उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए मानसिक व शारीरिक रूप से तैयार करना होता है। प्रांत के कुशल प्रशिक्षकों के द्वारा सफलता के सूत्र,कैरियर गाइडेंस,बुद्धि बढ़ाने के वैज्ञानिक उपाय, व्यक्तित्व निर्माण के सूत्र,संस्कारों का विज्ञान,कर्मफल के सिद्धांत,योग प्राणायाम एवं ध्यान,तनाव मुक्त जीवन के उपाय, आदि विषयो पर रोचक कक्षायें लिए जाएंगे।आयोजन कर्ता अखिल विश्व गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ जिला गरियाबंद हैं। कार्यक्रम में एच एल साहू,रोशन देवांगन,जगदीश साहू,घना राम साहू,ट्रस्टी संतोष कुमार साहू,पूरन लाल साहू,राजा राम सिन्हा,गोविंद साहू,अर्जुन सिन्हा,परमानंद पुरोहित शामिल थे।

# फसल विविधीकरण के नाम पर किसानों को भ्रमित करना बंद करे सरकारः धनेंद्र

**नवापारा-राजिम।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता धनेंद्र साहू ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा यह घोषणा की गई है कि जो किसान खरीफ सीजन में धान की खेती के बदले में अतिरिक्त अन्य फसलों जैसे दलहन तिलहन आदि की खेती जो किसान करेंगे, उन्हें 15 हजार रुपये प्रति एकड़ की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। यह घोषणा व्यवहारिकता से परे है और छत्तीसगढ़ की कृषि व्यवस्था एवं भौगोलिक परिस्थितियों की वास्तविकता को नजरअंदाज करती है। श्री साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ के अधिकांश खेतों की संरचना ऐसी है कि एक खेत से दूसरे खेत तक पानी का प्रवाह होता है। यहां खेतों की सिंचाई अलग-अलग नहीं, बल्कि मेड से मेड और खेत से खेत के आधार पर होती है। सीधा खेतों में पानी नहीं जाता बल्कि एक खेत भर जाता है ,तब दूसरे खेत में पानी जाता है। ऐसी स्थिति में अधिकांश किसानों के लिए खरीफ मौसम में धान के अलावा अन्य फसलों की खेती करना संभव नहीं है। डॉ. रमन सिंह के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने भी ऐसे प्रयास किए थे। कांग्रेस सरकार के दौरान भी गैर-धान फसलों की खेती को प्रोत्साहित करने के लिए 10 हजार रुपये प्रति एकड़ की प्रोत्साहन राशि देने की योजना बनाई गई थी। अब वर्तमान विष्णुदेव साय सरकार ने 15 हजार रुपये प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा दिया है, लेकिन आज तक यह योजना किसानों के बीच व्यापक रूप से सफल नहीं हो सकी क्योंकि यह प्रदेश की कृषि परिस्थितियों के अनुरूप नहीं है।



# आरआई और पटवारी कम, राजस्व प्रकरण लंबित

**अभनपुर।** अनुविभागीय राजस्व एवं तहसील न्यायालय अभनपुर में राजस्व संबंधी प्रकरणों का समय पर निराकरण नहीं हो पा रहा है। इसकी मुख्य वजह विगत एक वर्ष से क्षेत्र में एक दर्जन से अधिक पटवारी एवं राजस्व निरीक्षक (आरआई) के पद रिक्त होना बताया जा रहा है। कर्मचारियों की कमी के कारण विवादित भूमि, त्रुटि सुधार, सीमांकन, बटांकन एवं नक्शा सुधार जैसे मामलों में आवश्यक रिपोर्ट समय पर उपलब्ध नहीं हो पा रही है, जिससे बड़ी संख्या में प्रकरण लंबित पड़े हैं। जानकारी के अनुसार अधिकांश पटवारी अपने मूल हल्के के साथ अतिरिक्त हल्कों का भी कार्यभार संभाल रहे हैं। वहीं कई आरआई को दो-दो क्षेत्रों की जिम्मेदारी दी गई है, जिसके कारण भूमि संबंधी मामलों का समय पर निराकरण संभव नहीं हो पा रहा है। बंदोबस्त के बाद क्षेत्र की अधिकांश कृषि भूमि में सीमांकन एवं नक्शा संबंधी विवाद सामने आते हैं, जिनके समाधान के लिए आरआई की उपस्थिति आवश्यक होती है।

- भूमि त्रुटि सुधार, सीमांकन, बटांकन एवं नक्शा सुधार का काम लंबित

**कृषकों की समस्याओं का निराकरण 30 तक करना है :** राजस्व नियमों के अनुसार कृषि भूमि के विवादित सीमांकन, बटांकन एवं नक्शा सुधार संबंधी आवेदन 15 जून तक स्वीकार किए जाते हैं तथा 30 जून तक उनका निराकरण किया जाना होता है। निर्धारित अवधि में निराकरण नहीं होने पर आवेदकों को लगभग पांच से छह माह तक अगली प्रक्रिया का इंतजार करना पड़ता है। स्थिति यह है कि क्षेत्र के सैकड़ों किसान सुबह से ही आरआई एवं तहसील कार्यालयों में अपने नंबर की प्रतीक्षा करते नजर आते हैं, लेकिन 30 से 40 गांवों का कार्यभार संभाल रहे आरआई सभी मामलों को पर्याप्त समय नहीं दे पा रहे हैं।



प्रस्तुति - उत्कर्ष शर्मा रिपोर्टर ब्यूरो कार्यालय राजिम, जिला गरियाबंद, मो.नं. 9752106022

## खबर संक्षेप

### टिकेश्वर कुमार का इंडियन आर्मी में चयन



**पाटसिवनी (पिपरहट्ठा)।** छुरा विकासखंड के ग्राम पिपरछेड़ी (जतमाई)निवासी टिकेश्वर कुमार पिता- हीरामन ध्रुव का भारतीय सेना इंडियन आर्मी के पद पर चयन हुआ है। गांव का पहला युवा है जिनका चयन इंडियन आर्मी में हुआ है। इस सफलता से गांव और परिवार में खुशी का माहौल है। मेरिट सूची जारी होने के बाद से ही टिकेश्वर के परिजनों ने लोगों में मिठाई बांटी। गांव के लोग और रिश्तेदार टिकेश्वर के घर पहुंचकर परिवार को बधाई दे रहे हैं।

### ग्राम चरौदा में गायत्री महायज्ञ कल से

**छुईहा बेलर।** चेतना केंद्र फिंगेंश्वर के मार्गदर्शन छुईहा ईकाई के संयोजन एंव ग्रामवासी चरौदा के तत्वावधान में 12 जून को बाजार चौक ग्राम चरौदा में 5 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। यज्ञाचार्य व यज्ञ संचालक चेतना केंद्र फिंगेंश्वर शांतिकुंज हरिद्वार प्रतिनिधि परमानंद महाराज युग पुरोहित होंगे। कार्यक्रम सदस्य खोरबाहरा राम सिन्हा ने कहा शुक्रवार प्रातः 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक बेदी स्थापना, यज्ञ हवन, विभिन्न संस्कार।दोपहर 1 बजे से 2 बजे तक भोजन प्रसादी अवकाश , दोपहर 2 बजे से शाम 6.30 बजे तक आगंतुक बहनों द्वारा युग प्रेरक गीत - संगीत, भजन और आगंतुक विद्वान कथाकारो द्वारा कथा प्रसंग पर प्रवचन होगा। शाम 6.30 बजे से शाम 7 बजे तक यज्ञाचार्य व्यासपीठ महाराज, विदाई समारोह। विशेष सहयोगी तैयारी में खोरबाहरा राम सिन्हा, रोहित राम सेन, जीवनलाल सेन,रोहित राम ध्रुव (शिक्षक) व्याख्याता, गजानंद साहू -सरपंच, उपसरपंच सुरज पटेल, पूर्व सरपंच मनोज कुमार पटेल ग्राम प्रमुख, ललित कुमार सिन्हा, युगल किशोर सिन्हा, पूनम ध्रुव भगवान सिंग,कमलेश-ओमेश साहू (शिक्षक) प्र. पाठक,शारदा चरण दीवान,भागवत राम सिन्हा, इतवारी राम सिन्हा आदि शामिल हैं।

### उत्कर्ष योजना, 6वीं में प्रवेश के लिए मंगाये गए आवेदन

**गरियाबंद।** मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह जवाहर उत्कर्ष योजना अंतर्गत अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के प्रतिभावान विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करने के लिए है। इसके तहत प्रदेश में संचालित उत्कृष्ट विद्यालयों में कक्षा 6वीं से 12वीं तक अध्ययन की सुविधा प्रदान की जाती है। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त से प्राप्त जानकारी के अनुसार इच्छुक एवं पात्र विद्यार्थी ऑफलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 20 जून निर्धारित की गई है। प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा 05 जुलाई को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक आयोजित होगी। आवेदन फॉर्म एवं अन्य जानकारी के लिए अभ्यर्थी विभागीय वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट ट्राइबल डॉट सीजी डॉट जीओवी डॉट इन पर अवलोकन कर सकते हैं।

## राजनीति : मोदी के नेतृत्व में भारत की नई वैश्विक पहचान बनी

# मोदी सरकार की सफलता के 12 वें वर्ष पर भगवान भूतेश्वरनाथ की पूजा-अर्चना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



भाजपा मंडल बिन्द्रानवागढ़ के तत्वावधान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मरौदा स्थित भूतेश्वरनाथ में महाआरती की गई।

कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं कार्यक्रम प्रभारी श्वेता शर्मा, महामंत्री आशीष शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल एवं दूरदर्शी नेतृत्व में भारत विकास, सुशासन, आत्मनिर्भरता और जनकल्याण के नए आयाम स्थापित कर रहा है। उनके नेतृत्व में देश वैश्विक स्तर पर अपनी मजबूत पहचान बना रहा है तथा विभिन्न जनहितकारी योजनाओं के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंच रहा है।

कार्यक्रम में जिला कोषाध्यक्ष अजय रोहरा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष लालिमा पारस ठाकुर, व्यापार प्रकोष्ठ प्रदेश सह-प्रभारी बलदेव सिंह हुंदल, मंडल अध्यक्ष धनराज विश्वकर्मा, प्रदेश आईटी सेल के संभाग सह-प्रभारी सागर मयाणी, मंडल महामंत्री धनंजय नेताम एवं त्रिलोक राठौड़ उपस्थित रहे। इसके अलावा मंडल मंत्री एवं सरपंच ग्राम पंचायत परसुली लेश्वरी ठाकुर, सरपंच ग्राम पंचायत तांवरबाहरा सुनीता ध्रुव, ग्राम पंचायत पारागांव की सरपंच एवं मंडल कार्यसमिति सदस्य ऊर्वशी नेताम, पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल अध्यक्ष परमेश्वर सेन, दीपक साहू, शक्ति केंद्र प्रभारी मुकेश सूर्यवंशी, सह-प्रभारी शुभम सांग एवं डिगेश्वर ध्रुव, बूथ अध्यक्ष ईश्वर यादव, यशवंत यादव, भगोलीराम साहू, दयाराम ध्रुव, बिशेलाल ध्रुव, नंदू सिन्हा, विष्णु ध्रुव, महिला मोर्चा मंडल मंत्री गीता ध्रुव, कार्यसमिति सदस्य गंगा देवी नेताम, पंच सविता राजपूत, उमा देवी ध्रुव, योगेश बाई ध्रुव, संतोष सोरी, भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता रमेश ध्रुव एवं पंडित दुबे महाराज सहित विभिन्न शक्ति केंद्रों एवं बूथों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वस्थ, दीर्घायु एवं राष्ट्र के निरंतर विकास के लिए विशेष प्रार्थना की गई तथा विकसित भारत के संकल्प को साकार करने हेतु सभी कार्यकर्ताओं ने अपने संकल्प को दोहराया।

### विशेष जनसंपर्क अभियान : 8 जून से 14 जून

भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 8 जून से 14 जून तक विशेष जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के माध्यम से केंद्र सरकार की उपलब्धियों, जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकसित भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाया

## मोदी ने निर्वाचित प्रधानमंत्री के तौर पर नया कीर्तिमान स्थापित किया



**रसेला।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने निर्वाचित प्रधानमंत्री के तौर पर सबसे लंबे समय तक पद पर रहने का पंडित नेहरू का रिकॉर्ड तोड़कर 4399 दिन पूरे किए। इस ऐतिहासिक उपलब्धि का जश्न भाजपा मंडल मलेवाअचल में रसेला के गायत्री मंदिर और भगवान प्रज्ञेश्वर नाथ का विधि विधान मंत्रोच्चार के साथ पुजा अर्चना महाआरती कर मनाया गया। इस दौरान देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दीर्घायु होने की कामना की गई। भाजपा मंडल मलेवाअचल की ओर से महाआरती का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य अतिथि नेहरू राम निषाद राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष, अध्यक्षता पारस ठाकुर मंडल प्रभारी एवं प्रवक्ता, विशेष अतिथि शिवशंकर जयसवाल मंडल अध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि श्यामलाल सोरी वरिष्ठ भाजपा नेता सहित मंडल के सभी पदाधिकारी मौजूद थे। सभी अतिथियों का पीला चावल और पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नेहरू राम निषाद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने अथक प्रयास परिश्रम से इन 12 वर्षों में एक दिन भी अवकाश लिए बिना देश और देशवासियों की सेवा की है। यह नया कीर्तिमान भारतीय लोकतंत्र में जनविश्वास और विकास की राजनीति की विजय का प्रतीक है। पारस ठाकुर अपने कहा इतिहास में ऐसे अवसर विरले ही दिखते हैं,जब कोई नेतृत्व केवल सरकार का नहीं, बल्कि एक युग की चेतना तप, त्याग, दूरदृष्टी और राष्ट्रनिष्ठा का अभिनंदन है, जिसने करोड़ों देशवासियों को विकसित भारत के स्वप्न से जोडा है। मंडल अध्यक्ष शिवशंकर जयसवाल ने कहा कि देश को आधुनिक और सशक्त बनाने में मोदी का नेतृत्व अद्वितीय रहा है। श्यामलाल सोरी ने कहा देश की समृद्धि और प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व के बने रहने की मंगलकामना की। इस अवसर पर उपाध्यक्ष टंकेश्वर सोरी, महामंत्री नारायण सिन्हा, ईश्वर वर्मा, मंत्री भुवेन्द्र मरकाम,टिकेश्वरी कोमर्रा, पुजा चौहान, पीला बाई ठाकुर,सुकारो ठाकुर, कृष्णा गुप्ता,झवर अग्रवाल, समारू सोरी,थानेश्वर कंवर, सुरेन्द्र ठाकुर, कुशल ध्रुव, जगतराम, ठाकुर राम, नारायण सिंह ठाकुर, नंदकिशोर यादव,देवेश ठाकुर, भीखम मरकाम, जगदीश यादव,कनस राम निषाद, सहित सभी मोर्चा के अध्यक्ष, शक्ति केंद्र के प्रभारी, संयोजक, सहसंयोजक बूथ अध्यक्ष एवं समस्त भाजपा मंडल मलेवाअचल के सम्माननीय कार्यकर्तागण मौजूद रहे।



## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने रचा विकास का कीर्तिमान

**मैनपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व मे 12 साल पूरा करने पर तहसील मुख्यालय मैनपुर सहित पूरे बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र मे भारतीय जनता पार्टी द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर विशेष महाआरती का आयोजन किया गया। भाजपा मंडल मैनपुर द्वारा आज बुधवार को सुबह दुर्गामंदिर मे महाआरती एवं सामूहिक प्रार्थना कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उत्तम स्वास्थ्य दीर्घायु एवं राष्ट्र की निरंतर प्रगति के लिए प्रार्थना किया। इस मौके पर पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश मंत्री नरोत्तम साहू ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का नेतृत्व भारत के विकास सुशासन, गरीब कल्याण और राष्ट्रीय गौरव के पुनर्जागरण का पर्याय बन चुका है। उनके दुरदर्शी नेतृत्व में भारत ने मंच पर अपनी के नई पहचान स्थापित की है। योगेश शर्मा ने प्रधानमंत्री के उत्तव स्वास्थ्य दीर्घायु एवं निरंतर राष्ट्रसेवा के लिए शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि देशवासियों और भारतीय जनता पार्टी के समर्थित कार्यकर्ताओ सभी नागरिकों के लिए यह गौरव और उत्साह का अवसर है। भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोश यादव ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व मे भारत ने कई कीर्तिमान स्थापित किया है।

■ मैनपुर में महाआरती और सामूहिक प्रार्थना हुई

इस मौके पर प्रमुख रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता योगेश शर्मा, श्रीमति नंदिनी नेताम, पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश मंत्री नरोत्तम साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष यादव, दिनेश सचदेव, रामदास वैष्णव, नंदकिशोर चौबे, दिनेश शर्मा, नरेश सिंहा, उपेंद्र साहू, मनोज निर्मलकर, श्यामलाल नेताम, निमेष सिंहा, रोहित नायक, यमराज ओटी, रामजी साहू, किशोर यादव, देवन नेताम, रविंद्र सोनी, अजय बघेल, रामस्वरूप साहू, कोमल सोनवानी, सुरेश यादव, गोविंद राम नायक, तीजूराम सिंहा, कुमारी बाई पटेल, हेमलाल यादव, डाकेश्वर नेगी, नीतू ध्रुव मोहनसिंह कुशवाहा, जीवनलाल नायक एवं भारतीय जनता पाटऍ मैनपुर मंडल के कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित थे।

### भाजपा नेता ने 90 वर्षीय माताजी का किया सम्मान, लिया आशीर्वाद



**मुड़ागांव(कोरासी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन, विकास एवं जनकल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने तथा भारत के इतिहास में सबसे लंबे समय तक लगातार सेवा देने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बनने के अवसर पर ग्राम कोरसी में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। आयोजित महाआरती कार्यक्रम के पश्चात भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष प्रीतम सिन्हा ने ग्राम कोरसी पहुंचकर तेजराम ध्रुव की 90 वर्षीय माता सुखबती ध्रुव से सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने श्रीमती ध्रुव को साल भेंट कर सम्मानित किया तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रीतम सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास, सुशासन और गरीब कल्याण के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। उनकी जनसेवा, समर्पण और राष्ट्रहित की भावना प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए प्रेरणास्रोत है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर चंदन साहू, प्रकाश सिन्हा एवं गुलशन सिन्हा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पीएम मोदी के विकास और विश्वास के 12 वर्ष, मंदिर में पूजा पाठ और जनसंपर्क



**नवापारा-राजिम।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने पर नवापारा के हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में हुए अभूतपूर्व विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं एवं भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा में हुई वृद्धि के लिए आभार व्यक्त किया गया। साथ ही, राष्ट्र की समृद्धि, प्रदेश की खुशहाली तथा जन-जन के सुख, शांति एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुए विशेष पूजा-अर्चनाकिया गया।

साथ ही स्थानीय दुकानदारों एवं आम लोगो से जनसंपर्क कर मोदी जी के ऐतिहासिक 12 वर्ष पूर्ण होने पर विकास और विश्वास पर चर्चा किए। इस कार्यक्रम मे इस क्षेत्र के विधायक इंद्रकुमार साहू, मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा,नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू ,महिला मोर्चा अध्यक्ष धानमती साहू, नगर पालिका उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, सिंटू जैन महामंत्री,



प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य योगिता सिन्हा, तनु मिश्रा, जिला पदाधिकारी अन्नपूर्णा देवांगन, धीरज साहू , मुकुंद मेश्राम, संजय साहू , इंद्रजीत ठाकुर,देवेंद्र सेन , युवा मोर्चा अध्यक्ष अंकित मेघवानी, उपाध्यक्ष राजू रजक , अनुज राजपूत , साधना सौरोज , हर्ष कंसारी महामंत्री,उमा कंसारी, प्रभा बासवार,सरोज साहू,संतोषी कंसारी मंडल मंत्री,नंदनी साहू,गीता राजपूत, सचिन सचदेव , डिगेश साहू , युवराज यादव , राहुल साहू , दुकाल्हिन साहू, तिजिया साहू,जानकी साहू एवं समस्त कार्यकर्ता शामिल हुए।

## प्रधानमंत्री मोदी के 12 वर्ष, सोरिद खुर्द में महाआरती हुई

**मुड़ागांव (कोरासी)।** भाजपा मंडल खड़मा अंतर्गत ग्राम सोरिद खुर्द स्थित गायत्री मंदिर में बुधवार, 10 जून को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन एवं विकास के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर महाआरती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं राष्ट्रहित में निरंतर सफल नेतृत्व के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई।

महाआरती वैदिक मंत्रोच्चार एवं आरती के साथ मंदिर पुजारी भोपाल राम सिन्हा के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। कार्यक्रम में भाजपा गरियाबंद जिला उपाध्यक्ष प्रीतम सिन्हा, छुरा जनपद अध्यक्ष मीरा ठाकुर, खड़मा मंडल अध्यक्ष हेमंत सिन्हा, जनपद सदस्य पुष्पालता देवानंद सिन्हा, पूर्व मंडल अध्यक्ष पीलूराम यादव, प्रदेश सह



प्रमुख मन की बात चंदन साहू, प्रकाश सिन्हा, गुलशन सिन्हा, पंकज निर्मलकर, पालेन्द्र साहू, पुरुषोत्तम गोस्वामी सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। महाआरती के पश्चात अतिथियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में हुए विकास कार्यों, गरीब कल्याण योजनाओं, महिला सशक्तिकरण, किसान हितैषी नीतियों, डिजिटल भारत, आत्मनिर्भर भारत तथा आधारभूत संरचना के विस्तार जैसे विषयों पर प्रकाश डाला। जिला उपाध्यक्ष प्रीतम सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकास और वैश्विक प्रतिष्ठा के नए आयाम स्थापित किए हैं।

इसी भावना के साथ राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर मंदिरों और देवालयों में महाआरती का आयोजन कर प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और सफल नेतृत्व की कामना की जा रही है।

## महाआरती में शामिल हुए खाद्य आयोग अध्यक्ष संदीप शर्मा

**छुरा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भाजपा मंडल छुरा द्वारा शिव मंदिर प्रांगण एवं एनीकट तट पर महाआरती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु कार्यक्रम में उपस्थित रहे। संदीप शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के इतिहास में सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले प्रधानमंत्रियों में से एक हैं और उन्होंने देश को नई दिशा देने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू के कार्यकाल में देश की जनसंख्या लगभग 37 करोड़ थी, जबकि आज भारत की आबादी 137 करोड़ से अधिक है। इतनी विशाल जनसंख्या वाले देश का सफल नेतृत्व करना और विकास की गति को निरंतर बनाए रखना एक बड़ी उपलब्धि है। संदीप शर्मा ने कहा कि जिस प्रकार देश की जनता प्रधानमंत्री मोदी के प्रति स्नेह और विश्वास व्यक्त कर रही है, उसे देखते हुए लोग उन्हें एक /"देवपुरुष/" की संज्ञा तक दे रहे हैं। यह जनता के उनके प्रति अटूट विश्वास और लोकप्रियता का प्रमाण है। इस अवसर पर भाजपा नेता राजेश साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का नाम आज विश्व पटल पर सम्मान के साथ लिया जाता है। उनके नेतृत्व में भारत को विश्व गुरु बनाने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार जनहित, सुशासन और विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है तथा आने वाले समय में भी जनता के कल्याण के लिए नए आयाम स्थापित करेगी। कार्यक्रम में आभार भाजपा मंडल छुरा अध्यक्ष खोमन चंद्राकर द्वारा किया गया। इस मौके पर जिला पंचायत सभापति लेखराज धुर्वा,नप अध्यक्ष लोकेश्वरी निषाद, संगीता दीक्षित, तोकेश्वरी मांझी रामलाल कुलदीप, अशोक ठाकुर,भोले शंकर जायसवाल, बलराज पटेल, थान सिंह निषाद, राकेश शर्मा,अजय दीक्षित,रूपनाथ बंजारे,हेमंत कंसारी,रमेश सिंह,लोकेश चंद्राकर,शंकर सेन,तुलाराम साहू,आसकरण टंडन, निखिल साहू,धर्मेंद्र चंद्राकर,रामजी यादव, रामकुमार यादव,चंद्रहास सोनी,केसरी ध्रुव सहित भाजपा मंडल छुरा के पदाधिकारी, वरिष्ठ कार्यकर्ता, शक्ति केंद्र संयोजक, बूथ अध्यक्ष, मातृशक्ति, युवा मोर्चा, किसान मोर्चा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित रहे।

### समर कैंप में बच्चों ने दिखाया हुनर, कंप्यूटर और पपेट निर्माण गतिविधियों से हुई शुरुआत

## पीएम श्री प्राथमिक शाला सोमवारी बाजार में 6 दिवसीय समर कैंप का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम






पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला सोमवारी बाजार में 6 दिवसीय समर कैंप का शुभारंभ उत्साह एवं उमंग के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वार्ड पार्षद एवं सभापति निर्मला साहू तथा विशेष अतिथि के रूप में शिक्षाविद् धीरज साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधान पाठक युगेन्द्र खेलारे, शिक्षिका कविता चक्रधारी, अरुणा नारंग, पुष्पेन्द्र कुमार साहू सहित विद्यालय परिवार एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। समर कैंप के प्रथम दिवस बच्चों के लिए विविध शैक्षणिक एवं रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों को कंप्यूटर का बुनियादी ज्ञान प्रदान किया गया तथा उनकी सृजनात्मक प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से मुखौटा एवं पपेट (कठपुतली) निर्माण गतिविधियां कराई गईं। बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ गतिविधियों में भाग लेते हुए अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि निर्मला साहू ने विद्यार्थियों को अवकाश के समय का सदुपयोग कर नई-नई जानकारियां एवं कौशल सीखने के लिए प्रेरित किया। वहीं शिक्षाविद् धीरज साहू ने कहा कि इस प्रकार के समर कैंप बच्चों के व्यक्तित्व विकास, आत्मविश्वास एवं रचनात्मक सोच को बढ़ावा देते हैं। प्रधान पाठक युगेन्द्र खेलारे ने बताया कि यह समर कैंप 6 दिनों तक संचालित होगा, जिसमें बच्चों के लिए कंप्यूटर शिक्षा, कला एवं शिल्प, खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम, व्यक्तित्व विकास एवं अन्य रोचक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया तथा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

■ बच्चों के व्यक्तित्व विकास को मिलेगा नया आयाम

## भाजपा ने फणीकेश्वरनाथ मंदिर में मोदी के दीर्घायु के लिए प्रार्थना की

**फिंगेश्वर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 12 साल बेमिसाल पर फनिकेश्वर नाथ महादेव फिंगेश्वर में भाजपा नेताओं पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं द्वारा पूजा अर्चना एवं महाआरती कर मोदीजी के लंबे जीवन के लिए प्रार्थना की।

इसमें प्रभारी पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ रामकुमार साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता भागवत हरित, भाजपा किसान मोर्चा छत्तीसगढ़ के प्रदेश कार्य समिति सदस्य रामू राम साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष मंजू लता हरित ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री के कार्यकाल पूर्ण करने पर नरेंद्र मोदी के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन तथा कुशलता हेतु की कामना की। डॉ. रामकुमार साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का इन 12 वर्षों का कार्यकाल बेमिसाल रहा है। भागवत हरित ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का जन्म भारतीय जंक्शन से हुआ तथा सन 1980 में भाजपा की स्थापना हुआ। भाजपा नेता रामू राम साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सन 2014 में देश का प्रधानमंत्री



बने तब से लगातार देश के जटिल से जटिल एवं पुराने समस्याओं का समाधान होते आया है। चाहे राम मंदिर का मुद्दा हो,चाहे कश्मीर में धारा 370 हो या तीन तलाक का मामला हो उनके कुशल नेतृत्व में सभी का समाधान हुआ है जो ऐतिहासिक है। मंडल अध्यक्ष मंजू हरित ने कहा कि सबसे लंबा समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री की उपलब्धि नरेंद्र मोदी को मिलने पर आज पूरे भारतवर्ष में मंदिरों में पूजा अर्चना उनके दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन हेतु प्रार्थना किया जा रहा है।